Enrollment No.

1	7	0	6	5						

C-102-S.S.T.

No. of Questions – **25**
No. of Printed Pages – **3**

Open Basic Education Examination Program – 2019

Level-C (CLASS-8)

सामाजिक विज्ञान

[Time: 2.30 Hrs.] **[Max. Marks: 80]**

परीक्षार्थियो के लिए सामान्य निर्देश:-

- परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अवश्य लिखे ।
- सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है ।
- सभी प्रश्नो के अंक उनके सामने अंकित है ।
- प्रत्येक प्रश्न का उत्तर केवल उत्तर पुस्तिका पर ही लिखे ।
- जिन प्रश्नो के आंतरिक खण्ड है, उन सभी के उत्तर एक साथ लिखे ।
- प्रश्न संख्या 1 से 6 तक के प्रश्नो के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर पुस्तिका मे लिखे ।
- प्रश्न संख्या 7 से 13 के उत्तर 2 से 3 पंक्ति में लिखिए ।
- प्रश्न संख्या 14 से 22 के उत्तर 5 से 7 पंक्ति में लिखिए ।
- प्रश्न संख्या 23 से 25 के उत्तर अधिकतम एक पृष्ठ में लिखिए ।
- प्रश्न संख्या 7 से 13 के उत्तर 2 से 3 पंक्ति में लिखिए ।
- प्रश्न संख्या 23, 24, 25 में आंतरिक विकल्प हैं ।

सही उत्तर का चयन कीजिए- **(6×1=6)**

1. किस राज्य को 'खनिजों का अजायब घर' कहा जाता है-
(अ) झारखंड (ब) उड़ीसा (स) राजस्थान (द)कर्नाटक
2.राजस्थान की पुरुष साक्षरता दर है।
(अ) 79.02 (ब) 62.15 (स) 40.12 (द) 34.12
3.बंगाल में 19वीं शताब्दी में समाज सुधार की लहर को नाम दिया गया-
(अ) पुनरुत्थान (ब) जन-जागरण (स) पुनरुद्धार (द) पुनर्जागरण
4. किस उद्योग को मौसमी उद्योग कहा जाता है?
(अ) आभूषण उद्योग (ब) ग्रेनाइट उद्योग
(स) शक्कर उद्योग (द) डेयरी उद्योग
5.जयपुर शहर बसाया था-
(अ) सवाई जयसिंह ने (ब) सवाई प्रताप सिंह ने
(स) ईश्वर सिंह ने (द) माधोसिंह ने
6.संघात्मक व्यवस्था की विशेषता है-
(अ) शक्तियों का विभाजन (ब) शक्तियों का केंद्रीयकरण
(स) न्यायालय की स्वतंत्रता का अभाव (द) सर्वाधिकारवादी शासन

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न:- **(7×2=14)**

7. जीवन निर्वाह कृषि किसे कहते हैं?
8. आपके आस-पास के क्षेत्र में संचालित किन्ही दो कुटीर उद्योगों के नाम लिखिये।
9. ग्रामीण लोग नगरीय तड़क-भड़क और सुख-सुविधाओं से किन साधनों द्वारा सुपरिचित हो रहे हैं?
10. हमारा देश गणतंत्र क्यों कहलाता है?
11. सामान्य पुलिस का क्या कार्य है?
12. अंग्रेजों द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था का शोषण किए जाने का क्या परिणाम निकला?
13. आप द्वारा गौशाला के रख-रखाव के दो तरीके सुझाइये-

लघुउत्तरात्मक प्रश्न:- **(9×4=36)**

14. अकाल और मरुस्थलीकरण एक-दूसरे से किस प्रकार संबंधित है? समझाइए।
15. पवन चक्की का रेखाचित्र बनाते हुए बताइए कि राजस्थान में पवन ऊर्जा का उत्पादन किन-किन जिलों में हो रहा है ?
16. पर्यटन किसे कहते हैं? आर्थिक दृष्टि से पर्यटन का क्या महत्व है?
17. भारतीय समाज का स्वरूप ग्रामीण से नगरिया कैसे होता जा रहा है? उदाहरण द्वारा समझाइए।
18. मानवीय जीवन पर नशीले पदार्थ के दुष्प्रभावों को लिखिए।
19. ब्रिटिशकालीन शिक्षा के प्रभाव से सामाजिक व्यवस्था में होने वाले परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए।
20. स्वतंत्र भारत में विस्थापितों को किस प्रकार बसाया गया?
21. सड़क की स्वच्छतासुनिश्चित करने हेतु आप क्या सुझाव देंगे तथा वाहन चलाते समय सुरक्षा के किन-किन नियमों का ध्यान रखेंगे?
22. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं चार को दर्शाइए

(अ) बंगाल की खाड़ी (ब) हिंद महासागर

(स) जयपुर (द) नई दिल्ली

(य) हिमालय पर्वत (र) अंडमान निकोबार द्वीप समूह

निबंधात्मक प्रश्न:- **(3×8=24)**

23. राजस्थान को किन-किन भौतिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है? किसी एक क्षेत्र का विस्तार से वर्णन कीजिए।

अथवा

संस्कृति से क्या अभिप्राय है? भारत देश की 'अनेकता में एकता' विशेषता की विवेचना कीजिए।

24. भारतीय संविधान की विशेषताओं को दर्शाते हुए बताइए कि हम पंथ निरपेक्षता को किस प्रकार अपनाए हुए हैं?

अथवा

भारतीय नागरिकों को कौन-कौनसे मौलिक अधिकार दिए गए हैं?आप स्वतंत्रता के अधिकार का दैनिक जीवन में किस प्रकार उपयोग करते हैं?

25. वर्तमान समाज की कुरीतियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। आप के क्षेत्रों में व्यापक किसी एक कुरीति के समाधान की योजना बनाइए।

अथवा

बीसवीं सदी में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध राष्ट्रीय आंदोलन पर प्रकाश डालिए। उस समय यदि आप युवा होते तो राष्ट्रीय आंदोलन में आपका क्या योगदान होता?